प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 03.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे संसदीय क्षेत्र वाराणसो : लखनऊ–सहारनपुर, वाराणसी–खजुराहो समेत तीन वंदे भारत ट्रेनों की देंगे सौगात।
2. प्रदेश में कल से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का मुख्य अभियान : बीएलओ घर–घर जाकर बांटेंगे गणना प्रपत्र।
3. अमरोहा में गंगाधाम तिगरी कार्तिक मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब : भीड़ के मद्देनजर 5 नवम्बर तक भारी वाहनों का राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रवेश प्रतिबंधित।

और

4. काशी में देव दीपावली को लेकर भव्य तैयारियां : आतिशबाजी और लेजर शो के जरिये प्रदर्शित होगी गंगा की महिमा।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर 7 नवम्बर की शाम को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। इसो दिन श्री मोदी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और प्रमुख लोगों के साथ बैठक करेंगे। अगले दिन 8 नवम्बर को सुबह मडुआडीह रेलवे स्टेशन पर वाराणसी से खजुराहो

तक चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। साथ ही फिरोजपुर से दिल्ली और लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली दो अन्य ट्रेनों का भी वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ करेंगे। भाजपा के काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया है कि प्रधानमंत्री के आगमन पर लाल बहादुर शास्त्री हवाई अड्डे बाबतपुर पर पार्टी कार्यकर्ता और नगरवासी श्री मोदी का भव्य स्वागत करेंगे।

———————

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में कल से विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान शुरू हो रहा है। इस अभियान में पुनरीक्षण के लिये सभी जिलों में एक लाख 62 हजार बीएलओ तैनात किये गये हैं। एक रिपोर्ट.......

*राज्य में लगभग 22 सालों बाद विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू हो रहा है। अभियान के सबसे अहम चरण के क्रम में कल से बीएलओ घर–घर जाकर दो प्रतियों में गणना प्रपत्र देंगे। प्रपत्र में वोटर का नाम, एपिक संख्या, क्रम संख्या और विधानसभा क्षेत्र का नाम पहले से ही लिखा होगा। मतदाता को अपनी जन्मतिथि, आधार संख्या, मोबाइल नम्बर, माता–पिता का नाम व उनका एपिक नम्बर, पति–पत्नी का नाम व एपिक नम्बर भरना होगा। गणना पत्र बांटने और भरे हुए वापस लेने की समय सीमा 4 दिसम्बर तय की गई है। 9 दिसम्बर को मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशित किया जायेगा और इसके बाद दावे, आपत्तियां ली जायेंगी। प्रदेश में फिलहाल लगभग 15 करोड़ 44 लाख मतदाता हैं। राज्य में एसआईआर एक लाख 62 हजार 486 बूथों पर शुरू होगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से फजल इनाम।*

———————

राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने राज्य के ग्राम्यांचलों विशेषकर ग्रामीण महिलाओं तक उच्च शिक्षा की पहुंच को आसान और व्यापक बनाने की जरूरत पर बल दिया है। श्रीमती पटेल ने वर्चुअल माध्यम से प्रयागराज के राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के 27वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इससे भारतीय ज्ञान परम्परा को पुर्नस्थापित करने में मदद मिलेगी। राज्यपाल और कुलाधिपति श्रीमती पटेल ने कहा कि शिक्षण संस्थानों को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति समाज को जागरूक बनाना चाहिये। समारोह को मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप साहनी और राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत्यकाम ने भी संबोधित किया।

———————————

जीएसटी बचत उत्सव के तहत लागू संशोधित जीएसटी दरों से देशभर के लोगों को फायदा हो रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इसे 22 सितंबर को शुरू किया था। इस श्रृंखला में आज बात करते हैं कि कृषि क्षेत्र में नई जीएसटी दरें किसानों के लिए कैसे मददगार साबित हो रही हैं। एक रिपोर्ट.....

*किसानों को बड़ी राहत देने के लिए सरकार ने नई जीएसटी सुधारो के तहत कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण कर कटौती की है। 18 सौ सीसी से कम क्षमता वाले ट्रैक्टरों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। ट्रैक्टरों पर जीएसटी में कमी से उनकी खरीद मूल्य में कमी आई है, जिससे छोटे और मध्यम पैमानों के किसानों के लिए ट्रैक्टर अधिक*

*किफायती हो गए हैं। जैव कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व, ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंकलर सहित कई अन्य उपयोगिताओं तथा खेती के लिए विभिन्न कृषि मशीनों पर जीएसटी की दर 12 प्रतिशत घटकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। यह कर कटौती कृषि में मशीनीकरण को बढ़ावा देती है और शारीरिक श्रम लागत को काम करती है। ईशानी के साथ आदर्श, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

अमरोहा जिले के गंगा धाम तिगरी में जारी कार्तिक पूर्णिमा मेले में आ रही भीड़ के मद्देनजर आज से 48 घंटे के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया है कि पांच नवम्बर रात 12 बजे तक भारी वाहनों को वैकल्पिक रास्ते से गुजारा जायेगा। श्री आनन्द ने बताया कि 4 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से सभी तरह के वाहनों पर पाबंदी रहेगी, लेकिन मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों पर काई प्रतिबंध नहीं रहेगा। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रूट डायवर्जन के लिये जगह–जगह पुलिस तैनात कर दी गई हैं।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

आगामी 5 नवम्बर को देव दीपावली के अवसर पर काशी एक बार फिर प्रकाश आस्था और संस्कृति के अनुपम संगम की साक्षी बनेगी। गंगा घाटों पर देव दीपावली समितियों द्वारा एक साथ लाखों दीये रौशन किये जायेंगे। एक रिपोर्ट.......

*काशी में इस बार देव दीपावली का भव्य आयोजन होगा। 21 अर्चक और 42 देव–कन्याएं एक साथ महाआरती करेंगी। गंगा आरती के दर्शन के लिए करीब दो लाख श्रद्धालु घाटों और नावों पर मौजूद रहेंगे। देव दीपावली की शाम गंगा पार करीब 15 मिनट तक आतिशबाजी चलेगी, जबकि तीन शिफ्ट में एक घंटे तक लेजर शो का शानदार प्रदर्शन होगा। 3–डी प्रोजेक्रान मैपिंग और लेजर शो में काशी की संस्कृति, गंगा की महिमा और विश्वनाथ नगरी की आस्था को प्रदर्शित किया जाएगा। देव दीपावली पर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह अलर्ट हो गई है। पूरे क्षेत्र को 10 जोन, 21 सेक्टर और 31 सब–सेक्टर में विभाजित किया गया है। 2500 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ ड्रोन टीम निगरानी रखेगी, ताकि किसी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। भीड़ बढ़ने पर मार्ग बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

——————————

भगवान बुद्ध की पहली उपदेश स्थली सारनाथ में आज से तीन दिनों के लिये उनके पवित्र अस्थि अवशेष के दर्शन देश–विदेश से आये श्रद्धालुओं को कराये जा रहे हैं।

मूलगंध कुटी बिहार मंदिर में अस्थि अवशेष दर्शन के लिये बड़ी संख्या में श्रद्धालु सारनाथ आते हैं। मुख्य पुजारी शीलवंश थेरों ने बताया है कि बौद्ध धर्म में भगवान बुद्ध की अस्थि अवशेष के दर्शन का खास महत्व है और यह साल में सिर्फ तीन दिन के लिये श्रद्धालुओं को दर्शन के लिये सुलभ रहेगा। दर्शन पूजन का यह क्रम 5 नवम्बर तक जारी रहेगा।

———————

प्रदश के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने आज बागपत जिले में बागपत सहकारी कोआपरेटिव शुगर मिल में पेराई सत्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों के लिये प्रतिबद्ध है। इस क्रम में न सिर्फ उसने गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति कुन्तल का इजाफा करते हुए इसे 4 सौ रुपये प्रति कुन्तल किया है, बल्कि घटतौली पर भी पूरी तरह अंकुश लगा दिया है। उन्होंने कहा कि अब तक 95 प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया जा चुका है।

———————

राज्य में अलग–अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई है और 26 लोग घायल हो गये। चित्रकूट में कल देर रात तेज रफ्तार कार और रोडवेज बस की आमने सामने टक्कर में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही

मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार हो रहा है। यह सभी सीतापुर जिले के रहने वाले हैं।

———————————

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 'महिला विश्व कप 2025' का फाइनल मुकाबला जीत लिया है। भारतीय टीम, साउथ अफ्रीका को 52 रनों से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन बनी हैं। इस जीत में आगरा की दीप्ति शर्मा का शानदार प्रदर्शन देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ ह। दीप्ति शर्मा के घर पर जश्न का माहौल है। आगरा के स्थानीय सांसद और केन्द्रीय मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने दीप्ति शर्मा के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने शहर का नाम रौशन किया है, जल्द ही उनका नगर में भव्य स्वागत किया जायेगा। बाइट.....

*सबको श्रेय है, दीप्ति शर्मा आगरा की है, इसलिए मैं विशेष तौर से उनके पेरेंट्स को बधाई देना चाहूंगा कि आज के इस जमाने में पुरुष प्रधान बच्चों पर ज्यादा ध्यान देते हैं। उन्होंने अपनी बेटी को खेलने का अवसर दिया। सब सुख सुविधाएं उसको उपलब्ध कराई। शहर की बेटी है, नाम रोशन किया तो उनका भव्य स्वागत होगा।*

दीप्ति शर्मा के पिता भगवान शर्मा ने कहा कि पूरी टीम की मेहनत से भारत विश्वकप विजेता बना है। उन्हांने कहा कि वह इस मैच में अपनी बेटी के अहम योगदान पर गर्व महसूस कर रहे है। बाइट.....

*बेटी ने तो इतिहास रचा ही है, पूरी टीम ने पूरी मेहनत की है। बड़ा गौरवान्वित तो हम हुए हमारी बेटी ने इतना नाम रोशन किया है तो सारी बेटियां उससे प्रेरणा लेंगे और आगे बढ़ेंगे, यह मेरा मानना है।*

———————————

**प्रदेश के कई जिलों में ठंड का असर दिखने लगा है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश में हल्के से लेकर मध्यम कोहरे का अनुमान जताया है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों में आगामी आठ नवंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन न होने का अनुमान है।**

(समाप्त)